राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् , बिहार, पटना –800006

बिहार राज्य के मॉडल विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन प्रवेश–परीक्षा

(कक्षा VIII में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षणिक सत्र 2025 –26 के लिए राज्य सरकार के विद्यालयों में कक्षा – VIII में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से बिहार राज्य के मॉडल विद्यालय में कक्षा IX शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी निम्नवत है।

बिहार सरकार के द्वारा राज्य के हर जिले में एक–एक और सभी 534 प्रखंडों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में एक–एक मॉडल विद्यालय स्थापित / संचालित किया जाना है।

मॉडल विद्यालय में अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा आधुनिक शिक्षण पद्धति, नियमित आकलन, व्यक्तिगत मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को सुदृढ़ आधार प्रदान किया जाएगा। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मॉडल विद्यालय में:–

- कक्षा 9 से ही विद्यार्थियों को NEET/JEE/ओलंपियाड/अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की आधारभूत तैयारी कराई जाएगी।
- अनुभवी शिक्षकों/विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापनकार्य किया जाएगा।
- नियमित टेस्ट सीरीज एवं उपलब्धि का विश्लेषण किया जाएगा।
- स्मार्ट क्लासरूम (वर्गकक्ष) की व्यवस्था होगी।
- आधुनिक लाइब्रेरी की व्यवस्था होगी।
- आधुनिक प्रयोगशाला की व्यवस्था होगी।
- संदेह समाधान सत्र (Doubt Clearing Session) का आयोजन होगा।
- व्यक्तिगत व्यावसायिक/कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था होगी।
- अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जायेगा।

मॉडल विद्यालय में नामांकन हेतु अर्हताः–

- मॉडल विद्यालय में नामांकन हेतु सभी अर्हता एवं आवेदन की प्रक्रिया वही होगी जो NMMSS अकादमिक वर्ष 2025–26 (प्रोजेक्ट वर्ष 2026–27) परीक्षा के लिए निर्धारित है।

आवश्यक नोट :– *मॉडल विद्यालय में नामांकन हेतु राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा। आवेदकों के लिए माता– पिता की कुल वार्षिक आय 3.5 लाख की सीमा की बाध्यता नहीं होगी एवं उनके द्वारा आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक नहीं है।*

मॉडल विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन की प्रक्रियाः–

- मॉडल विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी NMMSS अकादमिक वर्ष 2025–26 (प्रोजेक्ट वर्ष 2026–27) परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। इसके लिए अलग से आवेदन करनें या प्रवेश परीक्षा में शामिल होनें की आवश्यकता नहीं है।
- इसके लिए NMMSS अकादमिक वर्ष 2025–26 (प्रोजेक्ट वर्ष 2026–27) परीक्षा के मेधा सूची को ही आधार बनाया जाएगा
- जिन आवेदक के माता–पिता की सभी स्त्रोंतों से कुल वार्षिक आय 3.5 लाख तक होगा (प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे) आरक्षण नियमावली एवं निर्धारित कोटा के अनुसार NMMSS तथा मॉडल विद्यालय में नामांकन दोनों के लिए पात्र होंगे।
- शेष अन्य आवेदक मेधा सूची के अनुसार केवल मॉडल विद्यालय में नामांकन के पात्र होंगे।
- **आवेदन कैसे करें** :– मॉडल विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदक SCERT, Patna, Bihar के वेबसाइट https://scert-bihar-gov-in/ पर visit कर Online Application Portal for (NMMSS) National Means cum Merit Scholarship Scheme Examination पर क्लिक कर NMMSS Academic Year 2025-26 (Project Year 2026-27) के लिए Online Registration एवं Application submission किया जाना है ।
- आवेदन की अंतिम तिथि 15-02-2026 है।
- गूगल लेंस से निम्न QR कोड को SCAN कर भी आवेदन किया जा सकता है:

11/02/26

(सुषमा कुमारी)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना –800006